
# पटना विश्वविद्यालय
# Patna University

Estd. 1917


## Patna University In News (23.09.2022)

## महामारी के बाद दुनिया को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है भारत



**पटना.** एमिटी यूनिवर्सिटी पटना (एयूपी) में गुरुवार को 'समकालीन मुद्दों में बिजनेस मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ. एमिटी बिजनेस स्कूल (एबीएस) और एमिटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड फाइनेंस (एसीसीएफ) संयुक्त रूप से दो दिवसीय मेगा सम्मेलन का आयोजन कर रहा है. एबीएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ चेतना प्रीति ने सम्मेलन के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला. भारत और विदेशों के गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए, एयूपी के प्रो वाइस चांसलर डॉ विवेकानंद पांडे ने कहा कि शिक्षा और उद्योग एक नयी दुनिया बनाने जा रहे हैं. उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए, एसएआइडी बिजनेस स्कूल ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूके के डीन डॉ सौमित्र दत्ता ने नवाचार और अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया. स्कूल, लिवरपूल जॉन मोरे यूनिवर्सिटी, यूके ने कहा कि अनुसंधान किसी भी बढ़ती अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और भारत महामारी के बाद दुनिया को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गिरीश कुमार चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किये.


प्रभात खबर Fri, 23 September 2022 https://epaper.prabhatkhabar.co


## एडमिशन अलर्ट

## पटना विश्वविद्यालय




- पटना यूनिवर्सिटी में फर्स्ट मेरिट लिस्ट के आधार पर पीजी रेगुलर में एडमिशन प्रक्रिया समाप्त
- फर्स्ट मेरिट लिस्ट के आधार पर करीब 900 से अधिक एडमिशन हुए हैं.
- खाली सीटों पर एडमिशन के लिए सेकेंड मेरिट लिस्ट 24 सितंबर को जारी होगी.
- सेकेंड मेरिट लिस्ट के आधार पर एडमिशन 27 और 28 सितंबर को होगा.
- साइंस व कॉमर्स में 75 से 80% से अधिक एडमिशन हुआ.
- परसियन में 18 सीट है. इसमें एक आवेदन आया.
- इसी तरह गृह विज्ञान में 60 सीटों पर मात्र आठ स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया है. मैथिली में 30 में 4 सीटों पर दाखिला हुआ.


प्रभात खबर Fri, 23 September 2022 https://epaper.prabhatkhabar




दैनिक भास्कर


## पीयू : फर्स्ट लिस्ट में 900 का नामांकन, कल जारी होगी सेकेंड मेरिट लिस्ट

**पटना** | पटना विश्वविद्यालय के पीजी रेगुलर कोर्स में फर्स्ट मेरिट लिस्ट के अनुसार करीब नौ सौ छात्र-छात्राओं ने नामांकन ले लिया है। फर्स्ट मेरिट लिस्ट समाप्त हो चुका है और अब सेकेंड मेरिट लिस्ट 24 सितंबर को जारी की जाएगी। दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर 27 व 28 सितंबर को काउंसिलिंग होगी। अगर इसके बाद भी सीटें बची तो थर्ड लिस्ट जारी की जाएगी। अगर सीटें कम खाली रहीं तो स्पॉट राउंड

के तहत नामांकन शुरू किया जाएगा। स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो. अनिल कुमार ने बताया कि करीब 50% सीटों पर नामांकन हुआ है। पीजी रेगुलर में 1733 सीट हैं। कुछ विषयों में निर्धारित सीट से कम आवेदन आए हैं।




# Patna University In News (23.09.2022)

**दैनिक भास्कर**

**यूजीसी ने दी सुविधा** • विद्यार्थी घर बैठे अपने मोबाइल, कंप्यूटर व लैपटॉप पर कर सकेंगे क्लास

## 'स्वयं' से अब हिन्दी सहित 8 भारतीय भाषाओं में ऑनलाइन पढ़ाई, पीजी के दो नए कोर्स भी शुरू

एजुकेशन रिपोर्टर, पटना

दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र व क्षेत्रीय लोगों को ध्यान में रखते हुए यूजीसी ने स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड (स्वयं) के तहत अब देश के अलग-अलग क्षेत्रों के आठ भाषाओं में ऑनलाइन पढ़ाई कराने का निर्णय लिया है। इन भाषाओं में भी ऑनलाइन पढ़ाई शुरू करने के पीछे का उद्देश्य है कि मातृभाषा की समझ की वजह से जो छात्र-छात्राएं इससे कम जुड़ पा रहे थे, वे भी अब 'स्वयं' के तहत जुड़ सकेंगे। यूजीसी ने साथ में 27 पीजी मैसिव ओपेन ऑनलाइन कोर्स (मूक्स) की सूची भी जारी की है।

**पीजी में एक्सेस टू जस्टिस व इंवायरमेंटल लॉ कोर्स कोर्स शुरू** : स्नातकोत्तर में दो नये कोर्स भी मूक्स के तहत शुरू किये गये हैं। इसमें एक्सेस टू जस्टिस व इंवायरमेंटल लॉ कोर्स भी शामिल है। इसे स्वयं प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया गया है। विवि व कॉलेजों को कहा गया है कि वे अपने वेबसाइट पर उक्त ई-रिसोर्स पोर्टल का लिंक जारी करें।

### अतिरिक्त विषय या स्किल इनहांसमेंट विषय के रूप में कर सकते हैं चयन



'स्वयं' से संचालित कोर्स हिंदी, मराठी, बांग्ला, अंग्रेजी के अलावा गुजराती, तेलुगु, मलयालम, तमिल और कन्नड़ में भी उपलब्ध है। 'स्वयं' के तहत जो कोर्स चल रहे हैं, उसमें अतिरिक्त विषय या स्किल इनहांसमेंट विषय के रूप में भी उसका चयन किया जा सकता है। च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) के तहत कई ऐसे कोर्स करिकुलम में शामिल किए गए हैं जिसे छात्र को पढ़ना तो है लेकिन उसके शिक्षक उक्त कॉलेज या विश्वविद्यालय में मौजूद नहीं है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षकों की भारी कमी है और वहां सीबीसीएस से समस्या उत्पन्न हो सकती है। लेकिन ऑनलाइन कोर्स के रूप में इन विषयों को छात्र ऑप्ट करते हैं और 'स्वयं' से उसकी पढ़ाई करते हैं तो उन्हें आसानी होगी। छात्र घर बैठे अपने मोबाइल, कंप्यूटर व लैपटाप पर ऑनलाइन क्लास भी कर सकते हैं। क्योंकि 'स्वयं' के तहत बड़ी संख्या में टॉप विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा लेक्चर अपलोड किये जाते हैं।

### मूल कोर्स में 40 प्रतिशत तक ग्रेड जोड़ने का है प्रावधान

छात्र अगर 'स्वयं' के जरिये मूक्स कोर्स का चयन करते हैं तो अधिकतम 40 प्रतिशत तक ग्रेडिंग का लाभ अपने मूल कोर्स में ले सकते हैं। इसके लिए उक्त छात्र को विषय का चयन करने के बाद इसकी जानकारी अपने विषय के अध्यक्ष या कॉलेज प्राचार्य को देनी होगी। इसके बाद उक्त कोर्स को छात्र 'स्वयं' के तहत कर सकते हैं। उक्त विषय को पढ़ने के लिए छात्र को विवि या कॉलेज जाने की कोई आवश्यकता नहीं होगा।

### सभी विवि को भेजा पत्र

छात्र-छात्राएं सीधे इन कोर्स से जुड़ सकें। साथ ही अधिक से अधिक छात्रों को इस संबंध में जागरूक करें, ताकि उन्हें इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। इस संबंध में अपने वेबसाइट पर अधिसूचना व सभी विवि के कुलपति व कॉलेज प्राचार्य को पत्र जारी कर दिया है।

## भारत ने अमेरिका व चीन के वर्चस्व को तोड़ा




**पटना.** आइक्यूएसी पटना कॉलेज, राजनीति शास्त्र विभाग पटना कॉलेज तथा लोक प्रशासन संस्थान, पटना यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष व्याख्यान का आयोजन पटना कॉलेज कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया. इस व्याख्यान का विषय था उभरती वैश्विक व्यवस्था और भारत की बहुपक्षीय भागीदारी. मुख्य वक्ता लेडी ब्रबौर्न कॉलेज कोलकता के एसोसिएट डॉ पीयू घोष थी. कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना कॉलेज के प्रो अशोक कुमार ने किया. कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रो शेफाली राय ने किया. डॉ घोष ने कहा कि विश्व राजनीति की संरचना में बदलाव आया है. उन्होंने बताया कि भारत एक उभरती हुई शक्ति है और बहुत ही मजबूती से अमेरिका व चीन के वर्चस्व को तोड़ते हुए विश्व राजनीति में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है. धन्यवाद ज्ञापन डॉ अर्चना ने किया.

प्रभात खबर
Fri, 23 September 2022
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70260827